टिड्डियों को समाप्त किया जाना

1509. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ब्रिटेन और चीन की तर्ज पर टिड्डी समाप्ति योजना शुरू करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या इस प्रयोजनार्थ कोई वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, यदि हां, तो कितनी, और

(ग) सरकार द्वारा विश्व के अन्य विकसित देशों की भांति टिड्डी नियंत्रण हेतु प्रयोग की जा रही तकनीक का विकास करने के लिए क्या कदम उठाए गये हैं/उठाए जा रहे हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) महोदय, सरकार अनुसूचित टिड्डी क्षेत्र के 2.0 लाख वर्ग कि. मी. से अधिक क्षेत्र में टिड्डी के सर्वेक्षण तथा नियंत्रण के लिए एक स्थायी टिड्डी चेतावनी संगठन चला रहा है । सरकार को चीन और यूनाइटेड किंगडम में विकसित पर्यावरणीय रूप से सही टिड्डी उन्मूलन की किसी भी योजना के बारे में जानकारी नहीं है । यूनाइटेड किंगडम में फफूंद रोग-जनकों के साथ टिड्डी के जैव-नियंत्रण के बारे में परीक्षण किए गए हैं । तथापि, इस पद्धति की व्यावसायिक व्यवहार्यता अभी स्थापित की जानी है । अब तक यह सम्भव नहीं हुआ है कि जैव-नियंत्रण एजेन्टों से टिड्डी प्लेग का नियंत्रण किया जा सके।

(ग) टिड्डी पर निगरानी रखने और पूर्व-सूचना देने में सुधार करने के लिए एक दूर संवेदी प्रयोगशाला की स्थापना करके टिड्डी नियंत्रण प्रौद्योगिकी का उन्नयन करने हेतु, सरकार द्वारा प्रयास किए गए हैं ।

मध्य प्रदेश में कपास का उत्पादन

1510. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में कपास को एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक और रोजदार फसल के रूप में उगाया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, 1994 के अन्त तक राज्य में कुल कितने क्षेत्र में कपास की खेती होती थी और वर्ष 1993-94 के दौरान कपास का कुल कितना उत्पादन हुआ ;

(ग) क्या वर्ष 1993-94 के दौरान मध्य प्रदेश में कपास का उत्पादन गत वर्ष की तुलना में बहुत कम हुआ है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण है ; और

(ङ) वर्ष 1994-95 के दौरान कपास उत्पादन के क्षेत्र में कितनी वृद्धि होने की संभावना है और वर्ष 1994-95 के दौरान कपास का अनुमानित उत्पादन होने की संभावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1993-94 के दौरान मध्य प्रदेश में कपास क्षेत्र तथा उत्पादन क्रमशः 477 हजार हैक्टेयर तथा प्रत्येक 170 किलोग्राम की गांठ की 406 हजार गांठ था ।

(ग) जी नहीं

(घ) प्रश्न ही नहीं होता ।

(ङ) वर्ष 1994-95 के दौरान मध्य प्रदेश में कपास उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2 प्रतिशत अधिक होने की संभावना है जबकि चालू वर्ष में कपास के अन्तर्गत क्षेत्र में किसी प्रकार के महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है ।

गुजरात द्वारा बाढ़ राहत हेतु मांगी गई सहायता

1511. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात राज्य में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित हुए किसानों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मांगी गई सहायता अब प्रदान कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ,